राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

10वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस

# प्रत्येक मतदाता मौलिक कर्तव्यों को महसूस करते हुए उनका पालन करे तो और अधिक मजबूत होगा देश का लोकतंत्र

## — राज्यपाल

जयपुर, 25 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने मतदाताओं का आव्हान करते हुए कहा कि हर मतदाता अपने मौलिक कर्तव्यों का अहसास करते हुए उनका पालन करें तो हमारे लोकतंत्र का स्तंभ और अधिक मजबूत हो सकेगा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती में आज की युवा पीढ़ी अहम भूमिका निभा सकती है।

श्री मिश्र शनिवार को जयपुर के हरिशचंद्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान (एचसीएम, रीपा) में आयोजित दसवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारतीय लोकतंत्र के लिए राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन गौरवपूर्ण क्षण है। लोकतांत्रिक परम्पराओं को सुदृढ़ बनाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा न केवल व्यापक सहभागिता विकसित करने अपितु सदैव जागरूक, निष्पक्ष व नीतिपूर्ण मतदान को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस लोगों में यह भावना विकसित करने का अनुपम प्रयास है कि जब तक एक भी पात्र व्यक्ति इस प्रक्रिया से दूर है, तब तक यह लोकतंत्र अपने सम्पूर्ण रूप को प्राप्त नहीं कर सकता। निश्चित ही आयोग का संदेश बड़ा स्पष्ट है कि वे तब तक नहीं रूकेंगे जब तक कि एक भी अंतिम पात्र व्यक्ति मतदान की प्रक्रिया से जुड़ नहीं जाता। उन्होंने शहरों के मतदाताओं को और अधिक जागरूक करने पर भी जोर दिया।

श्री मिश्र ने सभी मतदाताओं विशेषकर नवपंजीकृत मतदाताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी देश में लोकतंत्र को सुदृढ करने में अपनी भागीदारी निभाएं। राज्यपाल ने लोगों का आह्वान किया कि लोकतंत्र की वास्तविक संकल्पना को सभी मिलजुल कर साकार करें। लोकतंत्र का उत्सव बिना सभी की भागीदारी के सफल नहीं हो सकता। उन्होंने सभी राजनैतिक दलों, सामाजिक संगठनों, गैर सरकारी संगठनों, कॉरपोरेट जगत तथा मीडिया से भी इस पुनीत कार्य में  हर सम्भव सहयोग देने की अपेक्षा की।

कार्यक्रम में भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री सुनील अरोड़ा का राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर देश की जनता के नाम संदेश का वीडियो द्वारा प्रसारण किया गया।

राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त श्री प्रेम सिंह मेहरा ने कहा कि अब मतदाता जागरूक होने लगे हैं। वे अपने मत की कीमत और अधिकार को पहचानने लगे हैं। यही वजह है कि वर्तमान में पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव में 80 प्रतिशत से मतदाताओं ने मताधिकार कर अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई है। उन्होंने निर्वाचन विभाग द्वारा स्वीप कार्यक्रमों और नवाचारों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इन्हीं प्रयासों के चलते विधानसभा और लोकसभा चुनाव में पहले की मुकाबले कहीं अधिक मतदाताओं ने लोकतंत्र के उत्सव में भागीदारी निभाई। उन्होंने इस अवसर पर पात्र मतदाताओं ने नाम जुड़वाने और मतदान अवश्य करने की भी अपील की।

मुख्य सचिव श्री डीबी गुप्ता ने शहरी मतदाताओं के मतदान के प्रति कम रूझान की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि पढ़े–लिखे मतदाता होने के बावजूद शहरों में मतदान का प्रतिशत कम हो रहा है। उन्होंने आव्हान किया कि युवा मतदाताओं को लोकतंत्र की मजबूती के लिए और अधिक सक्रिय होना होगा। उन्होंने 18 वर्ष की उम्र पूरी कर चुके युवा मतदाताओं से अधिकाधिक संख्या में नाम जुड़वाने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि विधानसभा और लोकसभा चुनाव में पहले के मुकाबले ज्यादा मतदान हुआ है। यह नंबर जब 80–90 प्रतिशत तक पहुंचेगा तो प्रजातंत्र और अधिक मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को विधानसभा चुनाव में सभी तरह की आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं। यही वजह रही कि बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं ने अच्छी संख्या में अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी विभागों में वीएएफ (वोटर अवेयरनेस फोरम) चल रहे हैं। उन्होंने वीएएफ को मजबूत बनाते हुए अपने विवेक के साथ निष्पक्ष और भय रहित मतदान करने का आव्हान भी किया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री आनंद कुमार ने बताया कि आज देश भर में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने निर्वाचन विभाग द्वारा किए गए नवाचारों की जानकारी देते हुए बताया कि विभाग ने सभी के सहयोग से 4.89 करोड़ मतदाताओं का सत्यापन का कार्य करवाया। उन्होंने बताया कि मतदाताओं में मतदान के प्रति जागरूकता के लिए 'लोकतंत्र के रंग', 'सरगम सप्ताह' का आयोजन किया गया। यही नहीं युवा मतदाताओं को मतदाता प्रक्रिया से जोड़ने के लिए 12000 से ज्यादा महाविद्यालयों में चुनाव पाठशाला और साक्षरता क्लबों का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी के लिए प्रयास सतत जारी रहेंगे।

कार्यक्रम में विभाग के ब्रांड एंबेसेडर पैरा ओलंपिक विजेता और पदमश्री श्री देवेंद्र झांझडिया और निशानेबाज रजत चौहान ने भी मतदाताओं से अधिकाधिक संख्या में मतदान करने की अपील की। इस दौरान नव मतदाताओं को मतदाता पहचान पत्र देकर भी सम्मानित किया गया और मतदान के प्रति जागरूकता लाने के लिए लघु नाटिका प्रस्तुत की। इस अवसर पर अतिथियों ने स्वीप प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा 'निर्वाचन साक्षरता–सशक्त लोकतंत्र' पोस्टर का लोकार्पण भी किया।

कार्यक्रम में जयपुर के संभागीय आयुक्त श्री केसी वर्मा, एचसीएम रीपा के महानिदेशक श्री अश्विनी भगत, जयपुर जिला कलक्टर डॉ. जोगाराम सहित बड़ी संख्या में स्कूली छात्र–छात्राएं और अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में जयपुर जिला कलक्टर डॉ. जोगाराम ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

**इन अधिकारी–कर्मचारियों को मिला सम्मान**

इस अवसर पर तत्कालीन जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राकेश कुमार जायसवाल, जिला निर्वाचन अधिकारी धौलपुर, श्री मुक्तानन्द अग्रवाल तत्कालीन जिला निर्वाचन अधिकारी, कोटा, श्री शिवप्रसाद मदान नकाते जिला निर्वाचन अधिकारी, श्रीगंगानगर, श्री चेतनराम देवडा, जिला निर्वाचन अधिकारी तत्कालीन जिला निर्वाचन अधिकारी, डूंगरपुर) को पुरस्कृत किया।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राकेश कुमार, भीलवाडा, श्री पुरूषोत्तम शर्मा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, जयपुर, श्री मदन लाल नेहरा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, जोधपुर, श्री सुरेन्द्र सिंह यादव, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, झुंझुनू, श्री कृष्ण गोपाल जोजन, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, अटरू (बारां), सुश्री देविका तोमर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, पुष्कर अजमेर को सम्मानित किया गया।

बूथ लेवल ऑफिसर्स के लिए श्री दिनेश कुमार सक्सेना, वरिष्ठ अध्यापक (पर्यवेक्षक) राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, मरैना (धौलपुर), श्री किशनसिंह राजपुरोहित, प्रबोधक (शारीरिक शिक्षक) राजकीय उच्च प्राथमिक

विद्यालय, प्रोहितसर, जैसलमेर, श्री खेमचन्द अग्रवाल, अध्यापक, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, कामां, भरतपुर, श्री केदारलाल मीणा, प्रबोधक, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, पटपड़ा (बारां), श्री अर्जुनसिंह, अध्यापक, राजकीय आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय, गौरेना (जयपुर), श्री अब्दुल शरीफ खान, अध्यापक, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बोरीना, खैराबाद (कोटा), श्रीमती सुधा गुप्ता, प्रयोगशाला सहायक, राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, गणगौरी बाजार, जयपुर को पुरस्कृत किया गया।

विशेष श्रेणी में श्री भगवत सिंह राठौड, उप महानिरीक्षक, मुद्रांक एवं पंजीयन विभाग, अजमेर, श्री राजेन्द्र प्रसाद जोशी, सहायक परियोजना अधिकारी, जिला साक्षरता एवं सतत् शिक्षा, बीकानेर, श्री लक्ष्य गुप्ता, ज्ञान विहार पब्लिक स्कूल, भवानीमण्डी, झालावाड़, श्री पुनीत मीरवाल, प्रोग्रामर, डीओआईटी, अलवर, श्री एस.एल. कुमावत, तकनीकी निदेशक, एनआईसी, जयपुर और श्री गौरव सोनी, वरिष्ठ सहायक, निर्वाचन विभाग, जयपुर को भी पुरस्कृत किया गया।

———

**डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा,**
**सहायक निदेशक (जनसम्पर्क), राज्यपाल**